हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 16 फरवरी 2025







### 51 वार्ड में महज 8 सीट जीत पाई कांग्रेस, तीन में निर्दलीय, एक भाकपा व 39 में भाजपा के पार्षद जीते

# मधु की लहर में कांग्रेस का सुपड़ा साफ..रिकार्ड 44455 मतों से जीता मेयर चुनाव, 39 वार्ड में भाजपा प्रत्याशियों की जीत



मधुसूदन यादव, महापौर, नांदगांव | रमन डोंगरे, अध्यक्ष, डोंगरगढ़ नपा | अंजू त्रिपाठी, अध्यक्ष, डोंगरगांव नपं | अजय पटेल, अध्यक्ष, छुरिया नपं | देवेंद्र साहू, अध्यक्ष, एलबी नगर नपं | नम्रता वैष्णव, अध्यक्ष, छुईखदान नपं | लाल टारकेश्वर शाह, अध्यक्ष, गंडई नपं | अनिल मानिकपुरी, अध्यक्ष, अं .चौकी नपं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव के तहत राजनांदगांव



नगर निगम के चुनाव में मधुसूदन की लहर के चलते कांग्रेस का सुपड़ा साफ हो गया है, जहां मधुसूदन यादव ने महापौर का चुनाव ऐतिहासिक 43 हजार मतों की लीड के साथ जीता। वहीं शहर के 51 में से 39 वार्डों में भाजपा प्रत्याशियों की जीत हुई है। वहीं चार सीटों पर निर्दलीय और महज 8 वार्ड में ही कांग्रेस के प्रत्याशी पार्षद चुनाव जीत पाए हैं। मधुसूदन यादव ने राजनांदगांव नगर निगम के महापौर का चुनाव सर्वाधिक मतों से जीतने का अपना ही पुराना रिकार्ड तोड़ दिया है।

आंकड़ों की बात करें तो राजनांदगांव नगर निगम अंतर्गत हुए कुल 100087 मतों में से भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन यादव को लगभग 67 फीसदी यानि 67273 मत हासिल हुए हैं। वहीं उनके सामने कांग्रेस से उतारे गए प्रत्याशी निखिल द्विवेदी महज 23 फीसदी वोट यानि 23232 मत ही पा सकें। राजनांदगाव नगर निगम के इतिहास में मतो के मामले में यह सबसे बड़ी जीत है। हालांकि इससे पहले भी 2014 दिसंबर में हुए नगरीय निकाय चुनाव में सर्वाधिक मतों से राजनांदगांव महापौर बनने का रिकार्ड मधुसूदन यादव के नाम ही था।



### शहर के 19 वार्डों में मिला महिलाओं को प्रतिनिधित्व

राजनांदगांव शहर के 51 वार्ड में से 17 वार्ड महिला प्रत्याशियों के लिए आरक्षित किए गए थे। जिसमें से भारतीय जनता पार्टी ने 18 महिलाओं को टिकट देकर अपना प्रत्याशी बनाया था। वहीं कांग्रेस ने 22 महिलाओं को टिकट दिया था। चुनाव परिणाम आने पर शहर के 19 वार्डों में महिला प्रत्याशियों की जीत हुई है। जिसमें 15 महिला प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी से व 2 प्रत्याशी कांग्रेस से और 2 प्रत्याशी निर्दलीय जीतकर पार्षद निर्वाचित हुई है।

### असरदार साबित हुए शैंकी बग्गा

शहर में जिस वार्ड के चुनाव की सर्वाधिक चर्चा रही, उनमें वार्ड क्रमांक 24 शामिल था। यहां से चार बार के पार्षद और शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के सामने भाजपा ने पहली बार चुनाव लड़ रहे शैंकी बग्गा को मैदान में उतारा था। शैंकी ने कांग्रेस के दिग्गज कुलबीर सिंह छाबड़ा को 444 मतों के बड़े अंतर से चुनाव हरा दिया।

### 9 प्रत्याशियों की जमानत जब्त

महापौर चुनाव में कुल 11 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला था। इसमें 9 प्रत्याशी अपनी जमानत तक नहीं बचा सकें। इनमें आप से कमलेश स्वर्णकार, बसपा से शमशुल आलम, राकेश ठाकुर, महेंद्र जंघेल, माखन यादव, दीपा रामटेके, राजेश गुप्ता, केवल रजक, संदीप शुक्ले के नाम शामिल हैं। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी को महज 23 फीसदी मत हासिल हुए। ज्ञात हो क चुनाव में 16.66 फीसदी से कम वोट मिलने पर जमानत जब्त मानी जाती है।

### कांग्रेस के दिग्गजों की हार

कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं को उनके वार्ड में हार का सामना करना पड़ा है। नगर निगम सभापति रहे हरिनारायण धकेता भी अपना चुनाव बड़े अंतर से हार गए हैं। इनमें वार्ड क्रमांक 22 से सुनीता फड़नवीस, 09 से कुसुम रूपेश दुबे, 27 से प्रज्ञा गुप्ता, 33 से दुलारी साहू, 35 से भागचंद साहू के नाम शामिल हैं। इसके अलावा पूर्व महापौर हेमा देशमुख के गृह वार्ड में भी कांग्रेस को लगभग पौने चार सौ वोट से हार का सामना करना पड़ा है।

### सरकारी कर्मियों ने भी मधु को चूना

सरकारी कर्मचारियों के लिए डाकमत्र के जरिये वोट करने की सुविधा दी जाती है। राजनांदगांव नगर निगम महापौर के चुनाव में कुल 118 सरकारी कर्मचारियों ने डाक मतपत्र से मतदान किया। इनमें 91 ने मधुसूदन यादव को वोट किया। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी निखिल द्विवेदी को महज 21 मत मिले। बसपा प्रत्याशी शमशुल आलम को 3, कमलेश स्वर्णकार को 1, राजेश गुप्ता को 2 वोट डाक मतपत्र के जरिए हासिल हुए हैं।

## 5 निकाय में भाजपा का कब्जा, छुईखदान गंडई में कांग्रेस, चौकी में निर्दलीय अध्यक्ष

- राजनांदगांव नगर निगम, डोंगरगढ़ नगर पालिका के साथ ही एलबी नगर, छुरिया, डोंगरगांव नगर पंचायत में भी जीता भाजपा।
- अविभाजित जिले के 165 वार्ड में भाजपा प्रत्याशी जीते 102, कांग्रेस को 47 और 16 में अन्य को मिली जीत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहरी सरकार चुनने के लिए किए गए मतदान का परिणाम सामने आ गया है। अविभाजित राजनांदगांव जिले की आठ निकायों में से पांच में भाजपा ने जीत हासिल की है। वहीं दो में कांग्रेस व एक अंबागढ़ चौकी में निर्दलीय प्रत्याशी को जीत मिली है। वहीं कुल 165 वार्ड में भाजपा के खाते में 102, कांग्रेस को 47 और 16 में निर्दलीय प्रत्याशियों की जीत हुई है। वहीं जिलेवार बात करें तो राजनांदगांव जिले के सभी पांच निकाय में भाजपा, खैरागढ़ जिले के दोनों निकाय में कांग्रेस और मोहला-मानपुर के इकलौते निकाय में निर्दलीय प्रत्याशी ने जीत दर्ज की।

उल्लेखनीय है कि नगरीय निकाय चुनाव के तहत शनिवार 15 फरवरी को प्रदेशभर में सुबह 9 बजे से मतगणना की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। करीब साढ़े दस बजे से परिणाम सामने आना भी शुरू हो गया था। राजनांदगांव नगर निगम महापौर का चुनाव भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने 43422 मतो से जीता। डोंगरगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव भाजपा प्रत्याशी रमन डोंगरे ने 7221 मतो से जीता। डोंगरगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अंजू त्रिपाठी ने 482 मत से जीत हासिल की। नगर पंचायत एलबी नगर में भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र साहू ने 399 मत से जीते। छुरिया नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव भाजपा प्रत्याशी अजय पटेल 695 वोटों के अंतर से जीते। नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के अध्यक्ष पद का चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी अनिल मानिकपुरी ने 360 मतों से जीत हासिल की। छुईखदान नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव कांग्रेस प्रत्याशी नम्रता गिरिराज वैष्णव ने 616 मत से जीत हासिल की। गंडई नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव कांग्रेस प्रत्याशी लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने 286 मत से जीत दर्ज की। जीत के बाद सभी निकाय में जोरदार रैलियां भी निकाली गई, जिसमें कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया।



### सिर्फ एक नपं में कांग्रेस आगे

भाजपा ने न केवल नगरीय निकाय के महापौर, नपा व नपं अध्यक्ष के पद पर जीत हासिल की है, बल्कि भाजपा के बड़ी संख्या में पार्षद प्रत्याशी भी जीतकर आए हैं। अविभाजित जिले में केवल छुईखदान नगर पंचायत में ही कांग्रेस के पार्षद भाजपा से अधिक है। वहीं छुरिया में बराबर 7-7 पार्षद हैं। शेष छह निकायों में भाजपा के पार्षदों की संख्या अधिक है। इनमें राजनांदगांव के 51 में भाजपा 39, कांग्रेस 8, डोंगरगढ़ के 24 में भाजपा 14, कांग्रेस 6, डोंगरगांव नपं के 15 में से 11 भाजपा, 3 कांग्रेस, एलबी नगर नपं की 15 में से 8 भाजपा और 2 कांग्रेस, अंबागढ़ चौकी नंप की 15 में से 8 भाजपा और 5 कांग्रेस, गंडई की 15 में से 8 भाजपा और 6 कांग्रेस पार्षद शामिल हैं।

### पार्टी छोड़कर चुनाव लड़ने वाले दो जीते

अंबागढ़ चौकी नगर पंचायत से अनिल मानिकपुरी ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल की है। जबकि अनिल कांग्रेस से टिकट की दावेदारी कर रहे थे और टिकट नहीं मिलने के बाद ही उन्होंने पार्टी छोड़कर निर्दलीय चुनाव लड़ा था। वहीं दूसरी ओर छुईखदान नपं सीट से अपनी पत्नी के लिए भाजपा से टिकट मांग रहे गिरिराज वैष्णव ने भी टिकट नहीं मिलने के बाद अपनी पत्नी के साथ भाजपा छोड़कर कांग्रेस में प्रवेश किया और अब कांग्रेस की टिकट पर नपं अध्यक्ष का चुनाव भी उनकी पत्नी नम्रता वैष्णव ने जीत लिया है।





### भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली, रूका हुआ विकास होगा पूराः अभिषेक

**विकास पटरी पर लौटेगा**

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के ऐतिहासिक जीत को लेकर कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी की बड़ी जीत है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने जो जमीन पर काम किए हैं, उसके प्रति यह जनता का विश्वास है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने एकजुट होकर इस चुनाव को लड़ा है। वहीं कांग्रेस में बिखराव नजर आया। कांग्रेस अलग-अलग गुटों में बटी हुई थी। उन्होंने कहा कि जनता के भरोसे पर हम खरा उतरेंगे और राजनांदगांव का रूका हुआ विकास वापस पटरी पर आएगा।




# भाजपा की ऐतिहासिक जीत के जश्न में डूबी संस्कारधानी होली-दिवाली जैसा माहौल, बिखरे गुलाल-अबीर, फूटे पटाखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम चुनाव का परिणाम जानने पहुंचे बड़ी संख्या में शहर के लोगों के बीच जहां उत्सुकता का माहौल रहा। वहीं जैसे-जैसे प्रत्याशियों की जीत की खबर लोगों तक पहुंचती रही। गुलाल-अबीर के साथ पटाखे फोड़कर जश्न मनाने का दौर जारी रहा। दोपहर लगभग 12 बजे अधिकांश वार्डों एवं महापौर के परिणाम आ चुके थे। गंज मंडी परिसर में हारने वाले प्रत्याशी व उनके समर्थक नदारत रहे। चुनाव परिणाम को जानने सुबह से ही लोगों की उपस्थिति कृषि उपज मंडी परिसर में होने लगी थी। लगभग 10 बजे के बाद यहां भीड़ का वातावरण निर्मित होने लगा था। लोग एक-दूसरे से जहां परिणाम जानने में लगे हुए थे। वहीं कई समूह के रूप में बैठकर व खड़े-खड़े बेसब्री से चुनाव परिणाम का इंतजार करते रहे।

**भाजपा की जीत पर शहर में निकली रैली**

यहां से महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव एवं जीते हुए भाजपा पार्षद प्रत्याशियों का भव्य जुलूस निकाला गया। खुली जीप में मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूर्व अध्यक्ष रमेश पटेल, सचिन बघेल, युवा भाजपा नेता नीलू शर्मा, भावेश बैद सवार हुए। वहीं रथ में जीत हासिल किए भाजपा के महिला पार्षद प्रत्याशी सवार हुए। बाजे-गाजे के साथ जुलूस इंदिरा नगर होते हुए बांसपाई पारा, दुर्गा चौक, मानव मंदिर चौक पहुंची, जहां घंटों पटाखे फोड़कर मधुसूदन यादव सहित जीते हुए भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों का स्वागत अभिनंदन किया गया।



### बाजे-गाजे में थिरके कार्यकर्ता

यहां खुली चाय-नाश्ते की दुकान से जहां सुबह से पहुंचे लोगों ने जलपान कर समय गुजारा। वहीं कई प्रत्याशियों के समर्थक भी वहां नाश्ता और पेयजल लेकर पहुंचे। लगभग साढे 11 बजे तक मंडी परिसर में बाजे-गाजे और खुशियों से झूमते कार्यकर्ताओं और समर्थकों का माहौल रहा। मौके पर रथ एवं खुली जीप का इंतजाम कर दिया गया था। जैसे ही भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन जीतकर मतगणना स्थल से बाहर निकले, लोगों ने उनका स्वागत कर नारेबाजी की एवं हार पहनाकर गुलाल-अबीर लगाकर अपने खुशियों का इजहार किया।

### राजनांदगांव की जीत हुई, जनता के विश्वास पर खरा उतरूंगाः मधु



नगर निगम चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद मानव मंदिर चौक में सभा को संबोधित करते मधुसूदन यादव ने कहा कि जिंदाबाद राजनांदगांव की जनता है, जिंदाबाद भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता और नेता है। उन्होंने सबका आभार जताते कहा कि आज जो परिणाम आए हैं, पार्टी से जो जीतकर आए हैं, उनको शुभकामनाए देता हूं, जो भाजपा के 11 पार्षद चुन के नहीं आ पाए, उन्होंने भी बेहतर तरीके से चुनाव लड़ा। भले ही वो जीत नहीं पाए, वे उन्हें विश्वास दिलाते हैं कि वे उनके लिए पार्षद से कम नहीं है। उनका सम्मान बना रहेगा। श्री यादव ने कहा कि राजनांदगांव की जनता को शब्दों से धन्यवाद नहीं कह सकता, जो अवसर व समय जनता ने दिया है, उसमें जितनी ताकत, जितनी क्षमता मेहनत मैं राजनांदगांव के लिए कर सकता हूं वही आपका धन्यवाद होगा। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे सहित अन्य भाजपा नेताओं का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जो प्रेम जनता ने पूर्व में लोकसभा चुनाव में दिया, वही प्रेम इस चुनाव में भी जनता ने दिया।

### धूप में खड़े रहकर घंटों परिणाम का इंतजार

मतगणना स्थल के कुछ दूरी से ही स्टापर लगा दिए गए थे। जिससे अधिकृत व्यक्ति ही मतगणना स्थल तक पहुंच सके। इस दौरान कई लोगों को मायूस भी होना पड़ गया, जो मतगणना स्थल तक नहीं पहुंच पाए। इधर मतगणना स्थल के बाहर छांव की व्यवस्था ना होने से लोगों को धूप में ही खड़े होकर परिणामों का इंतजार करना पड़ा। कई लोग आसपास बने शेड व पेड़ के नीचे बैठे रहे।









# चुनाव परिणाम की झलकियां तस्वीरों में







































EASY EMI स्कीम के संग
लेकर आइए केवल
आधार कार्ड
पैन कार्ड
ले जाइये अपना मनपसंद
कम्प्यूटर, लैपटॉप
आसान किश्तों में
- Services -
Formatting, Software Installation, C.C.T.V. Camera
Annual Maintenance Contract
hardware Trouble Shooting, Cartridge Refilling
All types of Printer Repairing
All Accessories Available
नोट :- हमारे यहां नये पुराने सभी प्रकार के कम्प्यूटर, लैपटॉप उपलब्ध है।
पेन्टीयम कम्प्यूटर
गणेश बाड़ा, हाई स्कूल के सामने, डोंगरगढ़
9827960529, 07823&233123

# खड़गांव के भावसा में युवक की हत्या पुलिस की अलग-अलग टीम जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

खड़गांव थाना क्षेत्र के ग्राम भावसा में बहन के घर से वापस लौट रहे 24 वर्षीय एक आदिवासी युवक की बीती रात लहुलुहान हालत में शव मिला है। घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त बांस का डंडा पुलिस ने बरामद किया है। मामले की गंभीरता को देखते पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह के निर्देश में पुलिस की अलग-अलग टीम इस अंधेकत्ल की गुत्थी सुलझाने में लगे हुए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार खड़गांव थाना अंतर्गत ग्राम भावसा तुलावीपारा निवासी भूपेंद्र तुलावी उर्फ बबलू पिता दुलार सिंग तुलावी 24 वर्ष मृत हालत में गांव के सड़क में पड़ा मिला। घटना को लेकर बताया गया कि मृतक भूपेंद्र तुलावी बीते शुक्रवार को अपनी बहन से मिलने गोटाटोला क्षेत्र के ग्राम तेलीटोला गया हुआ था। बहन के घर से अपने गांव के दूसरे पारा में पहुंचने के दौरान उसकी मोपेड गाड़ी में पेट्रोल खत्म होने पर वह अपनी बाइक को बस्ती के एक घर में छोड़कर पैदल घर की ओर निकला था। जिसका शव लहुलुहान हालत में गांव के सड़क में मिला।



## घटनास्थल पर डटी रही पुलिस

घटना की सूचना पर खड़गांव पुलिस शव के नजदीक रात बीतने के बाद सुबह दुर्ग फॉरेंसिक तथा राजनांदगांव से डॉग स्क्वायड की टीम को इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने भावसा गांव बुलाया गया।

## घटनास्थल से मिला बांस का डंडा

पुलिस के मुताबिक पंचनामा तफ्तीश के दौरान घटनास्थल से बांस का डंडा आदि सामानों को पुलिस ने जब्त किया है। मृत युवक के शरीर में कई जगहों पर गंभीर चोंट के निशान मिले हैं।

## पकड़े जाएंगे आरोपी

पुलिस की अलग-अलग टीम इस अंधे कत्ल को सुलझाने में लगी हुई है। लीड मिलते ही आरोपी पकड़े जाएंगे। - **यशपाल सिंह,** पुलिस अधीक्षक, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी

## परिजनों ने देखा शव

घटना को लेकर बताया गया कि मृतक भूपेंद्र तुलावी शुक्रवार सुबह अपने गांव भावसा से बहन से मिलने गोटाटोला क्षेत्र के तेलीटोला गया हुआ था। भूपेंद्र की लौटने की खबर उसकी बहन द्वारा अपने माता-पिता को बताया गया। देर शाम तक जब वह नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। परिजन जिस रास्ते से चलकर उसे गांव के बाहर तक खोज-खबर किया, उसी रास्ते में वापसी के दौरान रात 8.30 से 9 बजे के बीच भूपेंद्र का शव सड़क किनारे पड़ा मिला।

# हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त

**खैरागढ़।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने 30 लीटर हाथ भट्टी से निर्मित महुआ शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल शर्मा के नेतृत्व में खैरागढ़ पुलिस द्वारा 13 फरवरी को ग्राम सुतिया में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब का निर्माण एवं बिक्री करने वाले आरोपी जयप्रकाश बेरवंशी 54 साल साकिन ग्राम सुतिया थाना खैरागढ़ के कब्जे से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 4500 रुपए जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जिसे माननीय न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेजा गया।

# वैजंत्री ग्रामीणों से मांग रही आशीर्वाद

**राजनांदगांव।** त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिला पंचायत सदस्य के लिए क्षेत्र क्रमांक 1 पटेवा से कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती वैजंत्री देवी सांडे अपने चुनाव चिन्ह छाता छाप को लेकर गांव-गांव व घर-घर दस्तक देकर मतदाताओं से आशीर्वाद मांग रही है। इस दौरान उन्हें जनता से बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। जिला पंचायत सदस्य के लिए क्षेत्र क्रमांक 1 से कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती वैजंती देवी सांडे ने मतदाताओं से मिलकर क्षेत्र में विकास कार्य को गति देने एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का वायदा भी कर रही है। डो र - टू - डो र मतदाताओं से मिलकर वे लगातार मतदाताओं से आशीर्वाद मांग रही है। जिससे उन्हें बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। जनसंपर्क के दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक एवं ग्रामीण कार्यकर्ताओं की उपस्थिति बन रही है।



HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## छुईखदान नगर पंचायत

| वार्ड क्र. | नाम | कुल प्राप्त मत | जीत का अंतर | निकटतम प्रतिद्वंदी |
|---|---|---|---|---|
| अध्यक्ष (जीते) | नम्रता गिरिराज किशोरदास | 2732 | 616 | शीतल नवनीत जैन, भाजपा |
| 01 | प्रकाश महोबिया | 129 | 27 | कौशल चंदेल चिंटू, भाजपा |
| 02 | किरण निशांत वैष्णव | 175 | 91 | निशा डीके नामदेव, कांग्रेस |
| 03 | पन्ना मंडावी | 205 | 12 | देवेन्द्र नेताम बबलू, कांग्रेस |
| 04 | उमाकांत महोबिया | 233 | 89 | इमरान भाई, कांग्रेस |
| 05 | रुपबाला महोबिया | 209 | 83 | सुखमा चन्द्रवंशी, भाजपा |
| 06 | निधि तिवारी | 126 | 02 | प्रेमबाई सुभाष जैन, भाजपा |
| 07 | शैव्या वैष्णव | 166 | 12 | मनीषा महोबिया, भाजपा |
| 08 | अनुभा संजय जैन | 112 | 50 | मथुरा अशोक यादव, निर्दलीय |
| 09 | पंचम राम साहू | 101 | 01 | विनोद प्रसाद तिवारी, कांग्रेस |
| 10 | मनीष कोचर(मंटू) | 191 | 92 | श्रीकांत महोबिया, भाजपा |
| 11 | चन्द्रेश कुंभकार | 276 | 150 | मोहन कुंभकार, भाजपा |
| 12 | धनेन्द्र देवांगन (घनाराम) | 200 | 05 | शैलेष देवांदन (बिट्टू) कांग्रेस |
| 13 | महेश नारकर | 135 | 12 | मोहन लाल कामड़े, कांग्रेस |
| 14 | प्रेम सिंह पाल | 116 | 21 | धनीराम पाल, भाजपा |
| 15 | संजू सिंह नेताम | 251 | 114 | ज्ञानसिंह यादव, भाजपा |

## नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी

| वार्ड क्र. | नाम | कुल प्राप्त मत | जीत का अंतर | निकटतम प्रतिद्वंदी |
|---|---|---|---|---|
| अध्यक्ष (जीते) | अनिल मानिकपुरी | 2771 | 361 | गुलाब गोस्वामी, भाजपा |
| 01 | खेदीबाई अमेला | 231 | 68 | लता मंडावी, भाजपा |
| 02 | सुरेश नेताम | 244 | 133 | अजय कोमरे, कांग्रेस |
| 03 | रितेश मेश्राम | 114 | 31 | देवानंद निवरे, भाजपा |
| 04 | दिलीप कुंभकार | 210 | 06 | इंदरजीत भाटिया, कांग्रेस |
| 05 | ईश्वरी ध्रुर्वे | 195 | 111 | अनुपमा नेताम, कांग्रेस |
| 06 | विनोद डेहरिया | 116 | 19 | अनिश कुरैशी, कांग्रेस |
| 07 | गोपीचंदा देवांगन | 223 | 32 | सुगम बाई पटेल, भाजपा |
| 08 | उषा यादव | 292 | 150 | सविता अनिल मानिकपुरी, निर्दलीय |
| 09 | मुकेश सिन्हा | 97 | 11 | धर्मेन्द्र साहू, भाजपा |
| 10 | झरनेश कुंभकार | 212 | 69 | शोभा शंकर त्रिपाठी, शिवसेना |
| 11 | कविता यादव | 142 | 40 | साधना सिंह, कांग्रेस |
| 12 | किसुन पटेल | 210 | 48 | छगनलाल बंजारे, कांग्रेस |
| 13 | उमाशंकर निषाद | 157 | 25 | चेतना शर्मा, भाजपा |
| 14 | पवन गुप्ता | 235 | 10 | प्रमोद ठलाल, निर्दलीय |
| 15 | काशीराम निषाद | 338 | 268 | राजकुमारी निषाद, कांग्रेस |

## नगर पंचायत गण्डई

| वार्ड क्र. | नाम | कुल प्राप्त मत | जीत का अंतर | निकटतम प्रतिद्वंदी |
|---|---|---|---|---|
| अध्यक्ष (जीते) | लाल टाकेश्वर शाह खुसरो | 4288 | 240 | राजेश मेहता, भाजपा |
| 01 | तामेश्वर साहू | 374 | 167 | कमल पटेल, भाजपा |
| 02 | श्यामपाल ताम्रकार | 262 | 62 | सूरज नामदेव, कांग्रेस |
| 03 | अशोक पटेल | 282 | 48 | लियाकत अली, कांग्रेस |
| 04 | ममता स्वर्णकार | 251 | 17 | वैशाली नामदेव, कांग्रेस |
| 05 | अमन सोनी | 316 | 124 | टुमनलाल साहू, भाजपा |
| 06 | सोनल ताम्रकार | 251 | 12 | मिथिला राजपूत, भाजपा |
| 07 | राकेश निषाद | 292 | 106 | शैलेन्द्र जायसवाल, कांग्रेस |
| 08 | सुमन पटेल | 187 | 45 | जयचंद चंदन, निर्दलीय |
| 09 | इसरत अंजूम | 442 | 72 | चांदनी महला, भाजपा |
| 10 | प्रकाश पटेल | 282 | 85 | कुमार पटेल, कांग्रेस |
| 11 | यतीश कुंजाम | 303 | 61 | हेमंत मरकाम, कांग्रेस |
| 12 | मनीषा मरकाम | 289 | 17 | रत्ना छैदईया, कांग्रेस |
| 13 | सावत कुमार | 261 | 22 | जागेश्वर देवांगन, भाजपा |
| 14 | ननकी नारायण | 305 | 28 | धनेश्वरी टंडन, भाजपा |
| 15 | दिलीप ओगरे | 354 | 228 | चरणदास चेलक, भाजपा |



## महापौर प्रत्याशियो को मिले मत



मधुसूदन यादव
**68551**

निखिल द्विवेदी
**24096**

जीत का अंतर
**44455**




| वार्ड क्र. | वार्ड | पार्टी | विजेता | कुल प्राप्त मत | जीत का अंतर | निकटतम प्रतिद्वंदी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बजरंगपुर | कांग्रेस | राजा तिवारी | 1296 | 30 | खेमलाल साहू भाजपा |
| 02 | महात्मा बुद्ध | भाजपा | सावन वर्मा | 1024 | 620 | सुरेन्द्र देवांगन कांग्रेस |
| 03 | मोतीपुर | भाजपा | कमलेश बंधे | 1337 | 682 | शैलेष ठावरे कांग्रेस |
| 04 | पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी | निर्दलीय | बैनाबाई टुरहाटे | 929 | 248 | श्यामा सुखदेवे भाजपा |
| 05 | चिखली | भाजपा | श्रुति लोकेश जैन | 1124 | 385 | सरोज यादव कांग्रेस |
| 06 | शासकीय मुद्रणालय | भाजपा | कन्हैया साहू | 1209 | 0 | देवेश वैष्णव कांग्रेस |
| 07 | महात्मा गांधी | भाजपा | तृप्ति पात्रे | 1026 | 341 | रेतिका बंजारी कांग्रेस |
| 08 | रामनगर | भाजपा | मनोहर यादव | 1317 | 613 | किशन सिन्हा कांग्रेस |
| 09 | शंकरपुर | भाजपा | अपूर्वा श्रीवास्तव | 1211 | 435 | सुधा कश्यप निर्दलीय |
| 10 | महारानी लक्ष्मीबाई | भाजपा | शिव वर्मा | 1434 | 527 | अमर झा कांग्रेस |
| 11 | राजेन्द्र प्रसाद | कांग्रेस | छोटेलाल रामटेके | 654 | 20 | बबलु सोनी आप |
| 12 | डा.भीमराव आंबेडकर | भाजपा | संदीप बघेल | 1737 | 838 | विशाल गढ़े कांग्रेस |
| 13 | गौरीनगर | कांग्रेस | हफीज खान | 1232 | 495 | अरविंद सिन्हा भाजपा |
| 14 | बलरामदास | कांग्रेस | सतीश मसीह | 518 | 155 | मुकेश चौबे भाजपा |
| 15 | डा.बल्देव प्रसाद मिश्र | भाजपा | प्रमोद झंझाड़े | 791 | 349 | अंशुका बहेकर कांग्रेस |
| 16 | ठाकुर प्यारेलाल सिंह | भाजपा | पारस वर्मा | 2458 | 2167 | कर्तव्य देवांगन कांग्रेस |
| 17 | तुलसीपुर | कांग्रेस | संतोष पिल्ले | 500 | 206 | किशुन यदु भाजपा |
| 18 | लाल बहादुर शास्त्री | निर्दलीय | संगीता देवांगन | 785 | 146 | रश्मि लोधी भाजपा |
| 19 | वर्धमान नगर | भाजपा | रेखा पारख | 455 | 268 | डामेश्वरी यादव निर्दलीय |
| 20 | रविदास | भाजपा | कुलेश्वर ध्रुव | 1179 | 529 | राजेन्द्र नेताम कांग्रेस |
| 21 | रेवाडीह | भाजपा | बीना ध्रुव | 1483 | 1117 | डोमेश्वरी कोमरे कांग्रेस |
| 22 | स्टेडियम | भाजपा | प्रियंका कुरजेंकर | 1256 | 852 | सुनीता फड़नवीस कांग्रेस |
| 23 | गुरूगोविंद सिंह | भाजपा | राजा माखिजा | 1706 | 1132 | महेश यादव कांग्रेस |
| 24 | शीतला माता | भाजपा | शैंकी बग्गा | 1217 | 444 | कुलबीर छाबड़ा कांग्रेस |
| 25 | सुर्यमुखी देवी | भाजपा | वर्षा शरद सिन्हा | 1114 | 150 | सरिता शर्मा कांग्रेस |
| 26 | सुभाष | भाजपा | झमित नादान सेन | 1242 | 887 | अंजनी सिन्हा निर्दलीय |
| 27 | तिलक | भाजपा | राजेश जैन रानू | 659 | 117 | जितेन्द्र सिमनकर निर्दलीय |
| 28 | विवेकानंद | निर्दलीय | शरद कुशवाहा | 411 | 156 | अरूण दामले भाजपा |
| 29 | कैलाश | कांग्रेस | नियामत हुड्डा | 710 | 271 | वर्षा ठक्कर भाजपा |
| 30 | सरदार वल्लभाई पटेल | भाजपा | शेखर लश्करे | 1019 | 490 | शकील रिजवी कांग्रेस |
| 31 | जनता कालोनी | भाजपा | रीना सिन्हा | 581 | 182 | सीमा चौरसिया कांग्रेस |
| 32 | संजय नगर | भाजपा | गिरजा निर्मलकर | 1165 | 495 | ढालेश्वरी साहू कांग्रेस |
| 33 | बैगापारा | भाजपा | संतोष साहू | 885 | 204 | दुलारी साहू कांग्रेस |
| 34 | कन्हारपुरी | कांग्रेस | मोहनी बाई | 1093 | 126 | रेवती साहू भाजपा |
| 35 | लखोली | भाजपा | डिलेश्वर साहू | 1177 | 551 | भागचंद साहू कांग्रेस |
| 36 | सेठी नगर | भाजपा | चंद्रिका साहू | 724 | 114 | गोपी राम कांग्रेस |
| 37 | महावीर | भाजपा | जैनम बैद | 1413 | 845 | अंकेश बाफना कांग्रेस |
| 38 | दिग्विजय | भाजपा | मणी भास्कर गुप्ता | 1237 | 687 | मधुबाला श्रीवास्तव कांग्रेस |
| 39 | हीरामोती | भाजपा | रवि सिन्हा | 822 | 335 | विक्की ढीमर निर्दलीय |
| 40 | गुरू घासीदास | भाजपा | केवरा विजय राय | 1212 | 669 | अनसुईया गेंड्रे कांग्रेस |
| 41 | झुलेलाल | भाजपा | सतीश साहू | 989 | 591 | देवेन्द्र देवांगन निर्दलीय |
| 42 | राजीव | भाजपा | अमृता सिन्हा | 1199 | 587 | कीर्ति साहू कांग्रेस |
| 43 | सर्किट हाउस | भाजपा | खेमिन बाई | 1072 | 423 | ममता जायसवाल कांग्रेस |
| 44 | कौरिनभाठा | भाजपा | सेवक राम | 1043 | 435 | हरिशंकर नेताम कांग्रेस |
| 45 | रामकृष्ण | भाजपा | डुरेन्द्र साहू | 1533 | 717 | लेनिन कसार कांग्रेस |
| 46 | बसंतपुर | भाजपा | हेमंत यादव | 1243 | 746 | हरिनारायण धकेता कांग्रेस |
| 47 | मोहारा | भाजपा | आलोक श्रोती | 997 | 391 | अवधेश प्रजापति कांग्रेस |
| 48 | नंदई | भाजपा | अरूण साहू | 1061 | 73 | भगवान सोनकर कांग्रेस |
| 49 | मोहद | सीपीएम | संजय रजक | 557 | 60 | शिव निषाद भाजपा |
| 50 | सिंगदई वार्ड | कांग्रेस | मुकेश साहू | 1116 | 616 | अरूण देवांगन भाजपा |
| 51 | शिवनाथ | भाजपा | चंद्रकृत साहू | 1047 | 473 | रूपेश साहू कांग्रेस |

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 16 फरवरी 2025







### 51 वार्ड में महज 8 सीट जीत पाई कांग्रेस, तीन में निर्दलीय, एक भाकपा व 39 में भाजपा के पार्षद जीते

# मधु की लहर में कांग्रेस का सुपड़ा साफ..रिकार्ड 44455 मतों से जीता मेयर चुनाव, 39 वार्ड में भाजपा प्रत्याशियों की जीत


मधुसूदन यादव
महापौर, नांदगांव


रमन डोंगरे
अध्यक्ष, डोंगरगढ़ नपा


अंजू त्रिपाठी
अध्यक्ष, डोंगरगांव नपं


अजय पटेल
अध्यक्ष, छुरिया नपं


देवेंद्र साहू
अध्यक्ष, एलबी नगर नपं


नम्रता वैष्णव
अध्यक्ष, छुईखदान नपं


लाल टारकेश्वर शाह
अध्यक्ष, गंडई नपं


अनिल मानिकपुरी
अध्यक्ष, अं .चौकी नपं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव के तहत राजनांदगांव



नगर निगम के चुनाव में मधुसूदन की लहर के चलते कांग्रेस का सुपड़ा साफ हो गया है, जहां मधुसूदन यादव ने महापौर का चुनाव ऐतिहासिक 43 हजार मतों की लीड के साथ जीता। वहीं शहर के 51 में से 39 वार्डों में भाजपा प्रत्याशियों की जीत हुई है। वहीं चार सीटों पर निर्दलीय और महज 8 वार्ड में ही कांग्रेस के प्रत्याशी पार्षद चुनाव जीत पाए हैं। मधुसूदन यादव ने राजनांदगांव नगर निगम के महापौर का चुनाव सर्वाधिक मतों से जीतने का अपना ही पुराना रिकार्ड तोड़ दिया है।

आंकड़ों की बात करें तो राजनांदगांव नगर निगम अंतर्गत हुए कुल 100087 मतों में से भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन यादव को लगभग 67 फीसदी यानि 67273 मत हासिल हुए हैं। वहीं उनके सामने कांग्रेस से उतारे गए प्रत्याशी निखिल द्विवेदी महज 23 फीसदी वोट यानि 23232 मत ही पा सकें। राजनांदगाव नगर निगम के इतिहास में मतो के मामले में यह सबसे बड़ी जीत है। हालांकि इससे पहले भी 2014 दिसंबर में हुए नगरीय निकाय चुनाव में सर्वाधिक मतों से राजनांदगांव महापौर बनने का रिकार्ड मधुसूदन यादव के नाम ही था।



### असरदार साबित हुए शैंकी बग्गा

शहर में जिस वार्ड के चुनाव की सर्वाधिक चर्चा रही, उनमें वार्ड क्रमांक 24 शामिल था। यहां से चार बार के पार्षद और शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के सामने भाजपा ने पहली बार चुनाव लड़ रहे शैंकी बग्गा को मैदान में उतारा था। शैंकी ने कांग्रेस के दिग्गज कुलबीर सिंह छाबड़ा को 444 मतों के बड़े अंतर से चुनाव हरा दिया।

### शहर के 19 वार्डों में मिला महिलाओं को प्रतिनिधित्व

राजनांदगांव शहर के 51 वार्ड में से 17 वार्ड महिला प्रत्याशियों के लिए आरक्षित किए गए थे। जिसमें से भारतीय जनता पार्टी ने 18 महिलाओं को टिकट देकर अपना प्रत्याशी बनाया था। वहीं कांग्रेस ने 22 महिलाओं को टिकट दिया था। चुनाव परिणाम आने पर शहर के 19 वार्डों में महिला प्रत्याशियों की जीत हुई है। जिसमें 15 महिला प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी से व 2 प्रत्याशी कांग्रेस से और 2 प्रत्याशी निर्दलीय जीतकर पार्षद निर्वाचित हुई है।

### 9 प्रत्याशियों की जमानत जब्त

महापौर चुनाव में कुल 11 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला था। इसमें 9 प्रत्याशी अपनी जमानत तक नहीं बचा सकें। इनमें आप से कमलेश स्वर्णकार, बसपा से शमशुल आलम, राकेश ठाकुर, महेंद्र जंघेल, माखन यादव, दीपा रामटेके, राजेश गुप्ता, केवल रजक, संदीप शुक्ले के नाम शामिल हैं। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी को महज 23 फीसदी मत हासिल हुए। ज्ञात हो क चुनाव में 16.66 फीसदी से कम वोट मिलने पर जमानत जब्त मानी जाती है।

### कांग्रेस के दिग्गजों की हार

कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं को उनके वार्ड में हार का सामना करना पड़ा है। नगर निगम सभापति रहे हरिनारायण धकेता भी अपना चुनाव बड़े अंतर से हार गए हैं। इनमें वार्ड क्रमांक 22 से सुनीता फड़नवीस, 09 से कुसुम रूपेश दुबे, 27 से प्रज्ञा गुप्ता, 33 से दुलारी साहू, 35 से भागचंद साहू के नाम शामिल हैं। इसके अलावा पूर्व महापौर हेमा देशमुख के गृह वार्ड में भी कांग्रेस को लगभग पौने चार सौ वोट से हार का सामना करना पड़ा है।

### सरकारी कर्मियों ने भी मधु को चूना

सरकारी कर्मचारियों के लिए डाकमत्र के जरिये वोट करने की सुविधा दी जाती है। राजनांदगांव नगर निगम महापौर के चुनाव में कुल 118 सरकारी कर्मचारियों ने डाक मतपत्र से मतदान किया। इनमें 91 ने मधुसूदन यादव को वोट किया। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी निखिल द्विवेदी को महज 21 मत मिले। बसपा प्रत्याशी शमशुल आलम को 3, कमलेश स्वर्णकार को 1, राजेश गुप्ता को 2 वोट डाक मतपत्र के जरिए हासिल हुए हैं।

## 5 निकाय में भाजपा का कब्जा, छुईखदान गंडई में कांग्रेस, चौकी में निर्दलीय अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहरी सरकार चुनने के लिए किए गए मतदान का परिणाम सामने आ गया है। अविभाजित राजनांदगांव जिले की आठ निकायों में से पांच में भाजपा ने जीत हासिल की है। वहीं दो में कांग्रेस व एक अंबागढ़ चौकी में निर्दलीय प्रत्याशी को जीत मिली है। वहीं कुल 165 वार्ड में भाजपा के खाते में 102, कांग्रेस को 47 और 16 में निर्दलीय प्रत्याशियों की जीत हुई है। वहीं जिलेवार बात करें तो राजनांदगांव जिले के सभी पांच निकाय में भाजपा, खैरागढ़ जिले के दोनों निकाय में कांग्रेस और मोहला-मानपुर के इकलौते निकाय में निर्दलीय प्रत्याशी ने जीत दर्ज की।

उल्लेखनीय है कि नगरीय निकाय चुनाव के तहत शनिवार 15 फरवरी को प्रदेशभर में सुबह 9 बजे से मतगणना की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। करीब साढ़े दस बजे से परिणाम सामने आना भी शुरू हो गया था। राजनांदगांव नगर निगम महापौर का चुनाव भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने 43422 मतो से जीता। डोंगरगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव भाजपा प्रत्याशी रमन डोंगरे ने 7221 मतो से जीता। डोंगरगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अंजू त्रिपाठी ने 482 मत से जीत हासिल की। नगर पंचायत एलबी नगर में भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र साहू ने 399 मत से जीते। छुरिया नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव भाजपा प्रत्याशी अजय पटेल 695 वोटों के अंतर से जीते। नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के अध्यक्ष पद का चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी अनिल मानिकपुरी ने 360 मतों से जीत हासिल की। छुईखदान नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव कांग्रेस प्रत्याशी नम्रता गिरिराज वैष्णव ने 616 मत से जीत हासिल की। गंडई नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव कांग्रेस प्रत्याशी लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने 286 मत से जीत दर्ज की। जीत के बाद सभी निकाय में जोरदार रैलियां भी निकाली गई, जिसमें कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया।

- राजनांदगांव नगर निगम, डोंगरगढ़ नगर पालिका के साथ ही एलबी नगर, छुरिया, डोंगरगांव नगर पंचायत में भी जीता भाजपा।
- अविभाजित जिले के 165 वार्ड में भाजपा प्रत्याशी जीते 102, कांग्रेस को 47 और 16 में अन्य को मिली जीत।



### सिर्फ एक नपं में कांग्रेस आगे

भाजपा ने न केवल नगरीय निकाय के महापौर, नपा व नपं अध्यक्ष के पद पर जीत हासिल की है, बल्कि भाजपा के बड़ी संख्या में पार्षद प्रत्याशी भी जीतकर आए हैं। अविभाजित जिले में केवल छुईखदान नगर पंचायत में ही कांग्रेस के पार्षद भाजपा से अधिक है। वहीं छुरिया में बराबर 7-7 पार्षद हैं। शेष छह निकायों में भाजपा के पार्षदों की संख्या अधिक है। इनमें राजनांदगांव के 51 में भाजपा 39, कांग्रेस 8, डोंगरगढ़ के 24 में भाजपा 14, कांग्रेस 6, डोंगरगांव नपं के 15 में से 11 भाजपा, 3 कांग्रेस, एलबी नगर नपं की 15 में से 8 भाजपा और 2 कांग्रेस, अंबागढ़ चौकी नंप की 15 में से 8 भाजपा और 5 कांग्रेस, गंडई की 15 में से 8 भाजपा और 6 कांग्रेस पार्षद शामिल हैं।

### पार्टी छोड़कर चुनाव लड़ने वाले दो जीते

अंबागढ़ चौकी नगर पंचायत से अनिल मानिकपुरी ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल की है। जबकि अनिल कांग्रेस से टिकट की दावेदारी कर रहे थे और टिकट नहीं मिलने के बाद ही उन्होंने पार्टी छोड़कर निर्दलीय चुनाव लड़ा था। वहीं दूसरी ओर छुईखदान नपं सीट से अपनी पत्नी के लिए भाजपा से टिकट मांग रहे गिरिराज वैष्णव ने भी टिकट नहीं मिलने के बाद अपनी पत्नी के साथ भाजपा छोड़कर कांग्रेस में प्रवेश किया और अब कांग्रेस की टिकट पर नपं अध्यक्ष का चुनाव भी उनकी पत्नी नम्रता वैष्णव ने जीत लिया है।



### भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली, रूका हुआ विकास होगा पूराः अभिषेक



**विकास पटरी पर लौटेगा**

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के ऐतिहासिक जीत को लेकर कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी की बड़ी जीत है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने जो जमीन पर काम किए हैं, उसके प्रति यह जनता का विश्वास है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने एकजुट होकर इस चुनाव को लड़ा है। वहीं कांग्रेस में बिखराव नजर आया। कांग्रेस अलग-अलग गुटों में बटी हुई थी। उन्होंने कहा कि जनता के भरोसे पर हम खरा उतरेंगे और राजनांदगांव का रूका हुआ विकास वापस पटरी पर आएगा।





# भाजपा की ऐतिहासिक जीत के जश्न में डूबी संस्कारधानी होली-दिवाली जैसा माहौल, बिखरे गुलाल-अबीर, फूटे पटाखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम चुनाव का परिणाम जानने पहुंचे बड़ी संख्या में शहर के लोगों के बीच जहां उत्सुकता का माहौल रहा। वहीं जैसे-जैसे प्रत्याशियों की जीत की खबर लोगों तक पहुंचती रही। गुलाल-अबीर के साथ पटाखे फोड़कर जश्न मनाने का दौर जारी रहा। दोपहर लगभग 12 बजे अधिकांश वार्डों एवं महापौर के परिणाम आ चुके थे। गंज मंडी परिसर में हारने वाले प्रत्याशी व उनके समर्थक नदारत रहे। चुनाव परिणाम को जानने सुबह से ही लोगों की उपस्थिति कृषि उपज मंडी परिसर में होने लगी थी। लगभग 10 बजे के बाद यहां भीड़ का वातावरण निर्मित होने लगा था। लोग एक-दूसरे से जहां परिणाम जानने में लगे हुए थे। वहीं कई समूह के रूप में बैठकर व खड़े-खड़े बेसब्री से चुनाव परिणाम का इंतजार करते रहे।

**भाजपा की जीत पर शहर में निकली रैली**

यहां से महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव एवं जीते हुए भाजपा पार्षद प्रत्याशियों का भव्य जुलूस निकाला गया। खुली जीप में मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूर्व अध्यक्ष रमेश पटेल, सचिन बघेल, युवा भाजपा नेता नीलू शर्मा, भावेश बैद सवार हुए। वहीं रथ में जीत हासिल किए भाजपा के महिला पार्षद प्रत्याशी सवार हुए। बाजे-गाजे के साथ जुलूस इंदिरा नगर होते हुए बांसपाई पारा, दुर्गा चौक, मानव मंदिर चौक पहुंची, जहां घंटों पटाखे फोड़कर मधुसूदन यादव सहित जीते हुए भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों का स्वागत अभिनंदन किया गया।



### बाजे-गाजे में थिरके कार्यकर्ता

यहां खुली चाय-नाश्ते की दुकान से जहां सुबह से पहुंचे लोगों ने जलपान कर समय गुजारा। वहीं कई प्रत्याशियों के समर्थक भी वहां नाश्ता और पेयजल लेकर पहुंचे। लगभग साढे 11 बजे तक मंडी परिसर में बाजे-गाजे और खुशियों से झूमते कार्यकर्ताओं और समर्थकों का माहौल रहा। मौके पर रथ एवं खुली जीप का इंतजाम कर दिया गया था। जैसे ही भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन जीतकर मतगणना स्थल से बाहर निकले, लोगों ने उनका स्वागत कर नारेबाजी की एवं हार पहनाकर गुलाल-अबीर लगाकर अपने खुशियों का इजहार किया।

### राजनांदगांव की जीत हुई, जनता के विश्वास पर खरा उतरूंगाः मधु



नगर निगम चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद मानव मंदिर चौक में सभा को संबोधित करते मधुसूदन यादव ने कहा कि जिंदाबाद राजनांदगांव की जनता है, जिंदाबाद भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता और नेता है। उन्होंने सबका आभार जताते कहा कि आज जो परिणाम आए हैं, पार्टी से जो जीतकर आए हैं, उनको शुभकामनाए देता हूं, जो भाजपा के 11 पार्षद चुन के नहीं आ पाए, उन्होंने भी बेहतर तरीके से चुनाव लड़ा। भले ही वो जीत नहीं पाए, वे उन्हें विश्वास दिलाते हैं कि वे उनके लिए पार्षद से कम नहीं है। उनका सम्मान बना रहेगा। श्री यादव ने कहा कि राजनांदगांव की जनता को शब्दों से धन्यवाद नहीं कह सकता, जो अवसर व समय जनता ने दिया है, उसमें जितनी ताकत, जितनी क्षमता मेहनत मैं राजनांदगांव के लिए कर सकता हूं वही आपका धन्यवाद होगा। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे सहित अन्य भाजपा नेताओं का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जो प्रेम जनता ने पूर्व में लोकसभा चुनाव में दिया, वही प्रेम इस चुनाव में भी जनता ने दिया।

### धूप में खड़े रहकर घंटों परिणाम का इंतजार

मतगणना स्थल के कुछ दूरी से ही स्टापर लगा दिए गए थे। जिससे अधिकृत व्यक्ति ही मतगणना स्थल तक पहुंच सके। इस दौरान कई लोगों को मायूस भी होना पड़ गया, जो मतगणना स्थल तक नहीं पहुंच पाए। इधर मतगणना स्थल के बाहर छांव की व्यवस्था ना होने से लोगों को धूप में ही खड़े होकर परिणामों का इंतजार करना पड़ा। कई लोग आसपास बने शेड व पेड़ के नीचे बैठे रहे।






## हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी में उपस्थित होकर उदितमुनिनाम साहब ने स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का अभिनंदन किया

# जो कबीरा काशी में मरिहें रामहिं कौन निहोरा : स्वामी निश्चलानंद सरस्वती

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पुरीपीठ के श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग अपने चार दिवसीय हिंदू राष्ट्र अभियान कार्यक्रम में कवर्धा प्रवास पर हैं। इस दौरान यूनियन चौक में आयोजित उनके हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी में कबीर पंथ के नवोदित वंशाचर्य उदित मुनिनाम साहब अपने सैकड़ों अनुयायियों के साथ सम्मिलित हुए। उन्होंने जगद्गुरु शंकराचार्य का अभिनंदन किया एवं उन्हें दामाखेड़ा आमंत्रित किया। उल्लेखनीय है कि महाकुंभ के दौरान भी तीर्थराज प्रयाग में उदित मुनि नाम साहब ने जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग के शिविर में जाकर में जाकर उनका अभिनंदन किया था।

संगोष्ठी के दौरान जगतगुरु शंकराचार्य ने अपने प्रवचन के माध्यम से कबीर साहब के पदों को उद्धृत कर उनके संदेशों को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताया। इसके पहले सरदार पटेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भी सैकड़ो की संख्या में कबीर पंथ के अनुयायियों के द्वारा जगतगुरु शंकराचार्य का अभिनंदन किया गया था तथा वह धर्म सभा में सम्मिलित हुए थे। इस अवसर पर जगतगुरु शंकराचार्य ने कहा कि कबीर दास जी ने जो कबीरा काशी में मरिहें, रामहिं कौन निहोरा के माध्यम से काशी की महिमा को स्थापित किया और साथ ही उन्होंने श्रीराम की महिमा को भी स्थापित किया। शंकराचार्य ने आगे कबीर जी के पदों का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरु गोविंद दोउ खड़े काके लागू पाय के माध्यम से कबीर जी ने भगवान को सगुण साकार भी सिद्ध किया। उन्होंने कहा कि आज कबीर के कृतियों को ठीक ढंग से पढ़ने की आवश्यकता है, कबीर के पदों ने हमेशा से समाज का मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कबीर पंथ के नवोदित वंशाचार्य उदित मुनि नाम साहब द्वारा दामाखेड़ा पधारने हेतु आमंत्रण दिए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस सभा में उदित मुनि नाम साहब ने भी अत्यंत विनम्र भाव से जगतगुरु शंकराचार्य के समक्ष अपना भाव पुष्प समर्पित किया। हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी के दौरान हजारों की संख्या में सनातन धर्मावलंबी तथा कबीर पंथ के अनुयायी उपस्थित थे।

### उपमुख्यमंत्री ने श्री गोवर्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर स्वामी निश्चलानंद सरस्वती से आशीर्वाद लिया



छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को श्री गोवर्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर अनन्तश्रीविभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती से आशीर्वाद लिया। उन्होंने प्रदेश सहित कवर्धा के सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की और उनके आशीर्वाद से प्रदेश में शांति और समृद्धि की कामना की। आदित्य वाहिनी द्वारा 12 से 15 फरवरी तक हिन्दू राष्ट्र संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा सम्मिलित हुए इसके पूर्व भी रायपुर प्रवास के दौरान उन्होंने श्री सुदर्शन संस्थान जाकर जगतगुरु शंकराचार्य का दर्शन किया था एवं विविध विषयों पर उनसे मंत्रणा कर आशीर्वाद प्राप्त किया था। जगद्गुरु शंकराचार्य शनिवार की शाम पाण्डातराई के पास ग्राम मड़मड़ा पहुंचें, जहां रविवार 16 फरवरी को प्रातः 11:30 बजे दर्शन दीक्षा संगोष्ठी एवं 3:30 बजे रानी दुर्गावती चौक में धर्म सभा होगी तथा 17 फरवरी को प्रातः दर्शन दीक्षा संगोष्ठी का कार्यक्रम होगा उसके बाद वे दाढ़ी के पास चिल्फी के लिए प्रस्थान करेंगे।



# नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम मानस ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन

- नगर भ्रमण कर निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा रैली।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

ग्राम कोलेगांव में समस्त ग्रामवासी के सहयोग से 14 से 22 फरवरी तक नौ दिवसीय श्रीराम कथा मानस ज्ञान यज्ञ का आयोजन ग्राम के समस्त महिलाओं द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा निकालकर नगर भ्रमण करते हुए मुख्य गली मोहल्ले से होते हुए श्रीराम कथा स्थल पहुंची।

जहां यज्ञाचार्य द्वारा मंत्रो उच्चारण करते हुए विधि विधान से पूजा पाठ कर श्रीराम कथा मानस ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया। ग्राम कोलेगांव में समस्त ग्रामवासी के सहयोग से प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी श्रीराम कथा मानस यज्ञ का आयोजन किया गया। इस संगीतमय नौ दिवसीय श्रीराम कथा में कथा व्यास रामानंदाचार्य स्वामी धीरेंद्रचार्य महाराज द्वारा ग्रामीणों व भक्तजनों को श्रीराम कथा रसपान कराया जाएगा।

श्रीराम मानस यज्ञ कथा के मुख्य यजमान श्रीमती चित्ररानी केदार शर्मा विराजमान है। तथा यज्ञाचार्य पं आशीष कुमार शास्त्री प्रधान पुजारी भोरमदेव मंदिर, उप-प्राचार्य पं प्रकाश शास्त्री व ग्रामीणों ने आसपास क्षेत्र के भक्तजनों को भारी संख्या में उपस्थित होकर श्रीराम कथा श्रवण कर अपने जीवन को कृतार्थ करने अपील की गई।

## खबर संक्षेप

### आदर्श जन-कल्याण संस्थान में मनाई गई मातृ-पितृ पूजन दिवस



**हरिभूमि कवर्धा।** आदर्श जन-कल्याण संस्थान कवर्धा के तत्वधान में मातृ-पितृ पूजन दिवस के अवसर पर ग्राम भागूटोला में बुजुर्ग माताओं, वरिष्ठ जनों का तिलक लगाकर श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में संस्थान अध्यक्ष डॉ सुनील गुप्ता, तन्हा कोषाध्यक्ष दुर्गेश भारद्वाज, महेंद्र गुप्ता, अंकुर गुप्ता, योगेश राजपूत, सुखनंदन चंद्रवंशी, श्रीमती सुलेखा गुप्ता उपस्थित थें।

# नेशनल सेमीनार मुरादाबाद उत्तरप्रदेश में छत्तीसगढ़ से सम्मिलित होंगे खिलेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुई कुकदूर

हिंदी साहित्य समिति की प्रेसिडेंट डॉ नम्रता जैन (शिक्षाविद) के नेतृत्व में भारतीय शोध प्रकाशन का परिदृश्य एवं शोध प्रविधियों के विविध आयाम विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित की जा रही है। जिसमें सीएम दुबे महाविद्यालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ से छात्र खिलेश्वर कृषे को सम्मिलित होने का अवसर मिला है। खिलेश्वर अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार व राष्ट्रीय सेमिनार में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर चुका है, यह राष्ट्रीय सेमिनार में पूरे भारत के विभिन्न राज्यों से के साहित्यकार और समाज सुधारकों को एक साथ एक सूत्र में बांधने का प्रयास कर रहा है। जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों के विद्वानों ने अपना सहभागिता प्रदान करेंगे, जिसमें छत्तीसगढ़ से खिलेश्वर भी अपना विचार विमर्श प्रकट करेंगे। यह सेमिनार 10 अप्रैल 2025 को ऑनलाइन होगा, जिसमें प्रस्तुत शोध पत्रों को आईएसबीएन युक्त पुस्तक में प्रकाशित किया जाएगा। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य यह है कि सेमिनार शोध प्रविधि अनुसंधान की गुणवत्ता और भारतीय उच्च शिक्षा में शोध प्रकाशन की बदलती भूमिका पर केंद्रित होगा। विशेष रुप से यूजीसी-सीएआरआई सूची के संभावित बंद होने या उसमें बदलाव के संदर्भ में शोध प्रकाशन की गुणवत्ता विश्वसनीयता और भविष्य की संभावनाओं पर विचार विमर्श किया जाएगा।



# भाजपा की विकासवादी नीतियों और जनहित के कार्यों से हुई जनविश्वास की जीत : विधायक

- पंडरिया विधानसभा की जनता ने कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर किया प्रहार और क्षेत्र के विकास के लिए बनाई ट्रिपल इंजन सरकार : भावना बोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



छत्तीसगढ़ में हुए नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है। 10 नगर निगमों, 49 नगर परिषदों और 114 नगर पंचायतों के चुनाव में हुए मतदान में भारतीय जनता पार्टी ने अपना जीत का परचम लहराया है। पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत नगर पालिका पंडरिया एवं नगर पंचायत पाण्डातराई एवं इंदौरी में भी भाजपा ने अपने जीत का परचम लहराया है, वहीं प्रदेश की सभी दस नगर निगमों में भी जनता ने भाजपा पर भरोसा जताते हुए कांग्रेस को क्लीन स्वीप कर दिया है।

विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा की जनता ने नगर की अस्थिर कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार पर प्रहार करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा के सुशासन की ट्रिपल इंजन सरकार के प्रति अपना विश्वास व्यक्त करते हुए नगर पालिका पंडरिया एवं नगर पंचायत पांडातराई और इंदौरी में भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाई जिसके लिए सभी मतदाताओं और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। प्रदेश के 10 नगर निगम में जनता ने अपने जनादेश से भाजपा के महापौर को चुना है।

पंडरिया नगर में भी नगर पालिका अध्यक्ष हेतु भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मंजुला देवी कुर्रे को जनता ने ऐतिहासिक जीत के साथ पंडरिया के विकास एवं पूर्व की अस्थिर नगर कांग्रेस सरकार के कुशासन, भ्रष्टाचार एवं ठप्प पड़े विकास कार्यों को नाकारा और डबल इंजन भाजपा सरकार में हुए विकास कार्यों के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत प्राप्त की है, यह जीत जनता एवं भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के निष्ठा, आस्था और विश्वास की जीत है। भाजपा ने विकास और जनता के हित के विषयों को लेकर चुनाव में जनता तक अपनी बात पहुंचाई, लेकिन पंडरिया में कांग्रेस पार्टी के स्थानीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जनता को डराने-धमकाने, शांति भंग करने और अराजकता फैलाकर चुनाव में भय का माहौल बनाया, परन्तु जनता ने कांग्रेस के इस भय, अपराध और भ्रष्टाचार की नीतियों को नकार कर पंडरिया, पांडातराई और इंदौरी सहित पूरे प्रदेश में विकासवादी एवं भाजपा के सुशासन की ट्रिपल इंजन सरकार बनाया है। जनता ने मोदी की गारंटी और अटल विश्वास पत्र पर जताया है। यह साबित करता है कि भाजपा की नीति और नीयत दोनों पर जनता का विश्वास बढ़ा है।

छत्तीसगढ़ के 10 नगर निगम रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर, अंबिकापुर, चिरमिरी और धमतरी में हुए चुनाव में 10 नगर निगमों में 10 पर बीजेपी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है. वहीं, कांग्रेस का सूफडा साफ हो गया है और दिल्ली चुनाव की तरह छत्तीसगढ़ में नगर निगम चुनाव में भी कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पाई है।

श्रीमती बोहरा ने कहा कि जिला में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है यह 14 महीने की भाजपा सरकार की कुशल नीतियों और जनता की अकं स्काहों के अनुरूप हुए विकास कार्यों का परिणाम है कि जनता ने भाजपा को अपना समर्थन दिया है। जिले के दोनों नगर पालिका में भाजपा की जीत हुईं वहीं 7 नगर पंचायतों में से 5 में भाजपा ने जीत का परचम लहराया है। अपने जनादेश से जनता ने स्पष्ट कर दिया है कि पांच वर्षों तक कांग्रेस के कुशासन में जनता ने जिस बदहाली को देखा है अब उसे समाप्त करते हुए हमारे नगर और शहरों के विकास के लिए भाजपा के सुशासन का सूर्योदय किया है।

## संस्कार पब्लिक स्कूल कोलेगांव में धूमधाम से मना मातृ-पितृ पूजन दिवस



**हरिभूमि कोलेगांव।** प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी संस्कार पब्लिक स्कूल कोलेगांव में बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अर्जुन साहू उपस्थित थे, साथ ही साथ विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं उपस्थित थे। संस्था प्राचार्य विजय कुमार वैष्णव ने मातृ-पितृ आयोजन प्रतिवर्ष कराने का निर्णय लिया है ताकि छात्र छात्राओं में उच्च संस्कार का सींचन हो और विगत 5 वर्षों से आयोजन निरंतर हो रहा है। इसका लाभ भी देखने को मिल रहा है क्षेत्र में विद्यालय का नाम न केवल पढ़ाई में वरन विभिन्न गतिविधियों में भी दिखाई देता है। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाएं व पालक गण तथा छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

## ग्रामीणों व नगरवासियों में खुशी व उत्साह का

# नगर पंचायत पाण्डातराई में भाजपा प्रत्याशी सरिता रामकुमार सोनी अध्यक्ष निर्वाचित, कार्यकर्ताओं में उत्साह

- निर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों का फूलमाला व गुलाल तथा भव्य गाजे -बाजे से किया स्वागत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶पाण्डातराई



नगर पंचायत पाण्डातराई में अध्यक्ष चुनाव में भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष प्रत्याशी श्रीमती सरिता रामकुमार सोनी ने 592 भारी मतों से नगर पंचायत पाण्डातराई अध्यक्ष निर्वाचित हुई। वहीं इस ऐतिहासिक जीत से भाजपा कार्यकर्ताओं व नगरवासियों में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार नपं अध्यक्ष के पक्ष में 2634 वोट पड़े, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती सविता दाऊराम पाटस्कर को 2042 वोट मिले। जिसमें भारतीय जनता पार्टी से 8 पार्षद, कांग्रेस से 6 पार्षद तथा निर्दलीय 1 पार्षद ने जीत दर्ज किया। वहीं नगर पंचायत पाण्डातराई में कार्यकर्ताओं व नगरवासी में भारी उत्साह खुशी का वातावरण बना हुआ है। जिस पर इस ऐतिहासिक जीत का जश्न पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, पूर्व नपं अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष प्रदीप पुरी, परमेश्वर चंद्रवंशी, बलराम चंद्रवंशी, रामकुमार सोनी, भीषण तिवारी, मनोज ठाकुर, सुशील गुप्ता, रामु पांडेय, शिवसहाय गुप्ता, कन्हैया चंद्रवंशी, अखंडानंद मिश्रा, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नगरवासी गण उपस्थित थे।

## स्कॉलरशिप के लिए आवेदन 17 तक

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ स्कॉलरशिप पोस्ट मैट्रिक स्कीम के तहत अब 17 फरवरी तक आवेदन जमा कर सकेंगें। पूर्व में आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 21 जनवरी तय थी। लेकिन सर्वरा में दिक्कतों के कारण तारीख बढ़ाई गई है। वहीं छत्तीसगढ़ स्कॉलरशिप पोस्ट मैट्रिक स्कीम आवेदन 17 फरवरी तक कर दिया गया है। स्कीम के तहत अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को स्कॉलरशिप दी जाती है।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## चुनाव परिणाम: जिले की सातों नगरीय निकायों में खिला कमल, भाजपा खेमे में जीत का जश्न

# कवर्धा नपा में भाजपा की शानदार जीत, कांग्रेस का सूपड़ा साफ



कवर्धा नगर पालिका के अध्यक्ष पद सहित 27 में से 19 वार्डों में भाजपा की जीत, पांच पर कांग्रेस ने लहराया जीत का परचम, तीन वार्डों में चुने गए निर्दलीय प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले की कवर्धा तथा पंडरिया नगर पालिका सहित पांच नगर पंचायत पाण्डातराई, पिपरिया, बोड़ला, स. लोहारा, व इंदौरी के बहुप्रतिक्षित नगरीय निकाय चुनाव परिणाम पूर्व निर्धारित चुनावी कार्यक्रम के तहत शनिवार को घोषित कर दिए गए। घोषित परिणामों के मुताबिक कवर्धा नगर पालिका की सत्ता से इस बार कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है वहीं सत्ता रूढ़ दल भाजपा ने नपा की सत्ता में शानदार वापसी करते हुए नगर पालिका का अध्यक्ष पद सहित कुल 27 में से 19 वार्डों में भी जीत का परचम लहराया है। जिला निर्वाचन द्वारा जारी अंतिम परिणामों के मुताबिक कवर्धा नगर पालिका से अध्यक्ष पद के भाजपा अधिकृत प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने अपने निकटतम प्रत्याशी कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी संतोष यादव उर्फ भक्कू यादव को 2980 मतो से मात दी है। जारी परिणामों के मुताबिक भाजपा अधिकृत प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी को 14160 तथा कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी संतोष यादव उर्फ भक्कू को 11180 मत प्राप्त हुए हैं। वहीं नगर पालिका परिषद कवर्धा से अध्यक्ष के लिए आम आदमी पार्टी से अपनी किस्मत आजमाने उतरे अजय पाली को 711 तथा निर्दलीय प्रत्याशी प्रकाश सिंह को 144 मत प्राप्त हुए हैं। दूसरी तरफ कवर्धा नगर पालिका के 27 वार्डो से पार्षद के पद के परिणामों की बात की जाए तो यहां कुल 27 वार्डों में भाजपा ने 19 वार्डों में कमल खिलाया है जबकि कांग्रेस मात्र 5 वार्डों में ही जीत दर्ज कर पाई। कवर्धा नगर के 3 वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपनी जीत का परचम लहराया है। नगर के 27 वार्डों के घोषित परिणामों के मुताबिक वार्ड क्रमांक 1 से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी देवाकुमार साहू ने 804 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रत्याशी कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी रतन साहू को 560 मतों से, वार्ड क्रमांक 2 से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी धमेन्द्र बिन्नू महाराज ने भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी उमंग पाण्डेय को 255 मतों से, वार्ड क्रमांक 3 से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी योगेन्द्र चन्द्रवंशी ने कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी रामायण सिन्हा को 415 मतों से, वार्ड क्रमांक 4 से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी सौखीराम अहिरवार 519 मत प्राप्त कर कांग्रेस के



अधिकृत प्रत्याशी दीपक बंछेया को 117 मतों से, वार्ड क्रमांक 5 से कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी सीता 501 मत प्राप्त कर भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी सुभिया उर्फ मुन्नी बाई को 36 मतों से, वार्ड क्रमांक 6 से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी डोनेश राजपूत ने 448 मत प्राप्त कर कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी जाउद्दीन तंवर को 210 मतों से, वार्ड क्रमांक 7 से निर्दलीय प्रत्याशी तिलक झारिया ने 332 मत प्राप्त कर भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी तारकेश्वर सिन्हा को मात्र 8 मतों से, वार्ड क्रमांक 8 से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी दुर्गेश प्रसाद अवस्थी ने 592 मत प्राप्त कर कांग्रेस के दीपक ठाकुर को 60 मतों से, वार्ड क्रमांक 9 से भाजपा के दीपक सिन्हा ने 542 मत प्राप्त कर कांग्रेस के सुरेश वर्मा को 193 मतों से, वार्ड क्रमांक 10 से भाजपा के बिहारी राम धुर्वे ने 567 मत प्राप्त कर कांग्रेस की अनिता धुर्वे को 249 मतों से, वार्ड क्रमांक 11 से भाजपा के पवन कुमार जायसवाल ने 508 मत प्राप्त कर कांग्रेस के जयंत कुमार जायसवाल को 84 मतों से, वार्ड क्रमांक 12 से निर्दलीय प्रत्याशी सुषमा सोनू उपाध्याय ने 544 मत प्राप्त कर भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी नीलिमा सुरेन्द्र गुप्ता को 266 मतों से, वार्ड क्रमांक 13 से भाजपा के मनोज कुमार गुप्ता ने 420 मत प्राप्त कर कांग्रेस के जगदीश गुप्ता को 226 मतों से, वार्ड क्रमांक 14 से भाजपा के शंभू देवांगन ने 755 मत प्राप्त कर कांग्रेस के मुकुंद माधव कश्यप को 492 मतों से, वार्ड क्रमांक 15 से भाजपा की चित्ररेखा हरीश कुंभकार ने 620 मत प्राप्त कर कांग्रेस की वर्षारानी आनंद ठाकुर को 408 मतों से, वार्ड क्रमांक 16 से कांग्रेस की श्रीमती रूबी अशोक सिंह ने 575 मत प्राप्त कर भाजपा की सुरेखा राधेश्याम पाली को 292 मतों से, वार्ड क्रमांक 17 से कांग्रेस धनकुंवर गोप ने 717 मत प्राप्त कर भाजपा की रंजीता तिलक कुर्रे को 224 मतों से, वार्ड क्रमांक 18 से कांग्रेस के भीखम कोसले ने 489 मत प्राप्त कर कांग्रेस के संतोष भारती को 14 मतों से, वार्ड क्रमांक 19 से भाजपा की किरण सोनी ने 565 मत प्राप्त कर कांग्रेस की श्रद्धा सौरभ नामदेव को 201 मतों से, वार्ड क्रमांक 20 से भाजपा की मनीषा अनिल साहू ने 670 मत प्राप्त कर कांग्रेस की तन्नु नामदेव को 283 मतों से, वार्ड क्रमांक 21 से निर्दलीय प्रत्याशी सुरेन्द्र पाण्डेय ने 299 मत प्राप्त कर कांग्रेस के जमैय्युद्दीन को 72 मतों से, वार्ड क्रमांक 22 से भाजपा के अजय सिंह ठाकुर ने 673 मत प्राप्त कर कांग्रेस राजेश्ववर धर दुबे को 428 मतों से, वार्ड क्रमांक 23 से भाजपा के रिंकेश कुमार वैष्णव ने 610 मत प्राप्त कर कांग्रेस के डोगेन्द्र सेन को 472 मतों से, वार्ड क्रमांक 24 से भाजपा की रेखा हरिश साहू ने 878 मत प्राप्त कर कांग्रेस की श्रीमती गुंजा मिलन तिवारी को 700 मतों से, वार्ड क्रमांक 25 से भाजपा की आरती कैलाश कौशिक ने 391 मत प्राप्त कर कांग्रेस की लीना साहू को 80 मतों से, वार्ड क्रमांक 26 से भाजपा के सुनील साहू ने 862 मत प्राप्त कर कांग्रेस के जितेन्द्र जैन दोशी को 740 मतों से तथा वार्ड क्रमांक 27 से भाजपा के संजीव कुर्रे ने 703 मत प्राप्त कर कांग्रेस के हिरेश चतुर्वेदी को 490 मतों से मात दी है।

### परिणाम जानने मतगणना स्थल पर उमड़ी भीड़

निर्धारित तिथि और समय के अनुसार शनिवार की सुबह 8.00 बजे स्थानीय पीजी कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में कवर्धा नगर पालिका की मतगणना की गई। मतगणना को लेकर पीजी कॉलेज में सुबह से ही हलचल प्रारंभ हो गई थी। मतगणना के लिए जहां जिला निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी पहुंचने लगे थे वहीं धीरे-धीरे प्रत्याशियों, उनके समर्थको और नगरवासियों का भी हुजूम उमड़ने लगा था। मतगणना की प्रारंभिक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद नगर पालिका के सभी 27 वार्डो की गिनती लगाई गई कुल 27 टेबलों में एक साथ की गई। मतगणना प्रारंभ होने के कुछ ही देर बाद प्रारंभिक रूझान आना प्रारंभ हो गए थे और रूझान मतगणना स्थल से निकलकर लोगों के बीच भी पहुंचने लगे थे। वैसे तो लोगों में सभी वार्डो के परिणाम जानने खासी उत्सकुता देखी जा रही थी लेकिन मुख्य रूप से कवर्धा नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा और कांग्रेस के बीच हुए सीधे मुकाबले के साथ कवर्धा नगर पालिका के कुछ ऐसे वार्ड थे जिनमें लोगों की निगाहे शुरू से लेकर अंत तक टिकी रही। करीब 11.30 बजे तक लगभग स्थिति स्पष्ट हो चुकी थी और कुछ वार्डो के परिणाम घोषित भी कर दिए गए थे। मतगणना स्थल के बाहर भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के तगड़े बंदोबश्त किए गए थे। बाहर खड़े प्रत्याशी और पार्टियों के समर्थकों को जैसे-जैसे इस बात की खबर मिलती रही कि उनके प्रत्याशी अपने प्रतिद्वंदियों से आगे हैं या जीत दर्ज कर ली है उनकी खुशी का ठिकाना न रहा और वे जोरदार आतिशबाजी के बीच रंग-गुलाल उड़ाते, एक-दूसरे को बधाई देते नजर आए। मतगणना समाप्ति के बाद विजयी प्रत्याशियों की अधिकृत घोषणा होने पर प्रत्याशी समर्थकों द्वारा मतगणना स्थल पर ही जीत की मिठाई खिलाई।

### कवर्धा नपा के 7 वार्डों में पार्षद प्रत्याशियों के बीच रहा रोचक मुकाबला, सुनील साहू सबसे ज्यादा 740 मतों से जीते

कवर्धा नगर पालिका के कुल 27 वार्डो में से 7 वार्डो में पार्षद प्रत्याशियों के बीच रोचक और कांटे का मुकाबला देखने को मिला और इन पार्षद प्रत्याशियों के बीच जीत हार का अंतर मात्र दो अंकों में सिमट कर रह गया। कवर्धा नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 5 की बात की जाए तो यहां कांग्रेस की प्रत्याशी सीता ने मात्र 36 मतों, वार्ड क्रमांक 7 से निर्दलीय प्रतयाशी तिलक झारिया ने मात्र 8 मतों से, वार्ड क्रमांक 8 से भाजपा प्रत्याशी दुर्गेश कुमार अवस्थी ने मात्र 60 मतों से, वार्ड क्रमांक 11 से भाजपा प्रत्याशी पवन कुमार जायसवाल ने मात्र 84 मतों से, वार्ड क्रमांक 18 से कांग्रेस प्रत्याशी संतोष भारती ने मात्र 14 मतों से, वार्ड क्रमांक 21 से निर्दलीय प्रत्याशी सुरेन्द्र पाण्डेय ने मात्र 72 मतों से तथा वार्ड क्रमांक 25 से भाजपा प्रत्याशी आरती कैलाश कौशिक ने मात्र 80 मतों से चुनाव जीता है। निश्चित रूप से इन वार्डो में प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर थी। जबकि कवर्धा नगर के इन 27 वार्डो से सबसे ज्यादा 740 मतों से वार्ड क्रमांक 26 के भाजपा प्रत्याशी सुनील साहू ने चुनाव जीता है। वार्ड क्रमांक 24 से भाजपा प्रत्याशी रेखा हरिश साहू 700 मत प्राप्त कर दूसरे नम्बर में रही है। जबकि 560 मत प्राप्त कर तीसरे नम्बर में वार्ड क्रमांक 1 के भाजपा प्रत्याशी देवकुमार देवा साहू रहे हैं। इन वार्डो के नतीते काफी रोचक और प्रत्याशियों की धड़कने बढ़ाने वाले रहे हैं। वहीं अन्य वार्डो में प्रत्याशियों के बीच जीत हार का अंतर तीन अंको में रहा है।

### कांग्रेस नहीं जीत पाई एक भी अध्यक्ष पद

इस बार के नगरीय निकाय चुनावों में जिले के सभी सातों नगरीय निकायों से कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। स्थिति ये है कि जिले के एक भी नगरीय निकाय से कांग्रेस अध्यक्ष का पद नहीं जीत पाई है। जबकि भाजपा ने जिले के दो नगर पालिका सहित पांचों नगर पंचायतों के अध्यक्ष पदों पर शानदार जीत दर्ज कर कब्जा कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा नगर पालिका से अध्यक्ष पद के भाजपा अधिकृत प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने 2980 मतों से कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी संतोष यादव उर्फ भक्कू को मात देकर जीत दर्ज की है। इसी प्रकार नगर पालिका पंडरिया से भाजपा प्रत्याशी मंजुला कुर्रे ने कांग्रेस के राजिन गायकवाड़ को 3333 मतों से, नगर पंचायत पांडातराई में भाजपा प्रत्याशी सरिता सोनी ने कांग्रेस की सविता पाटस्कर को 592 मतों से, नगर पंचायत बोड़ला में भाजपा प्रत्याशी विजय पाटिल ने कांग्रेस के संतोष अवस्थी को 738 मतों से, नगर पंचायत सहसपुर में भाजपा प्रत्याशी संतोष मिश्रा ने कांग्रेस के सुभाष जायसवाल को 608 मतों से, नगर पंचायत पिपरिया में भाजपा प्रत्याशी घुरूवा साहू ने कांग्रेस के महेंद्र कुंभकार को 1008 मतों से तथा नगर पंचायत इंदौरी में भाजपा प्रत्याशी मित्रीन मंहगी लाल मांडले ने कांग्रेस के परमिता कोसले को 672 मतों से मात देकर अध्यक्ष पद पर कब्जा कर लिया। भाजपा की इस शानदार जीत से भाजपा के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और वे चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद से जीत का जश्न मना रहे हैं।

## जिले के सातों नगरीय निकाय के निर्वाचित प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत 11 फरवरी को हुए मतदान के बाद जिले के सभी 07 नगरीय निकायों के मतगणना परिणाम रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा घोषित किया गया। जिसमें कवर्धा नगर पालिका के प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी (भारतीय जनता पार्टी), नगर पालिका पंडरिया के प्रत्याशी मंजुला देवी कुर्रे (भारतीय जनता पार्टी), नगर पंचायत पाण्डातराई की प्रत्याशी श्रीमती सरिता रामकुमार सोनी (भारतीय जनता पार्टी), नगर पंचायत बोड़ला के प्रत्याशी विजय पाटिल (भारतीय जनता पार्टी), नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के प्रत्याशी संतोष मिश्रा (भारतीय जनता पार्टी), नगर पंचायत पिपरिया के प्रत्याशी घुरवाराम साहू (भारतीय जनता पार्टी), नगर पंचायत इंदौरी की प्रत्याशी श्रीमती मित्रीन बाई महंगीलाल मांडले (भारतीय जनता पार्टी) निर्वाचित हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी नगरीय निकायों में मतगणना कार्य किया गया। मतगणना के पश्चात सभी नगरीय निकाय के मतगणना परिसर में निर्वाचित प्रत्यिशियों को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त ने बताया कि नगर पालिका कवर्धा के भाजपा प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी को कुल 14 हजार 160 मत मिले। नगर पालिका पंडरिया के प्रत्याशी मंजुला देवी कुर्रे को 7344 मत, नगर पंचायत पाण्डातराई की प्रत्याशी श्रीमती सरिता रामकुमार सोनी को 2634 मत, नगर पंचायत बोड़ला के प्रत्याशी विजय पाटिल को 2057 मत, नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के प्रत्याशी संतोष मिश्रा को 2000 मत, नगर पंचायत पिपरिया के प्रत्याशी घुरवाराम साहू को 2187 मत, नगर पंचायत इंदौरी की प्रत्याशी श्रीमती मित्रीन बाई महंगीलाल मांडले को 2119 मत प्राप्त हुए।



## कवर्धा नपा में मिले नोटा को कुल 706 मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा नगर पालिका के अध्यक्ष पद और सभी 27 वार्डो के लिए 11 फरवरी को हुए पार्षद पदों के मतदान के बाद 15 फरवरी को आए नतीजों में नोटा को भी अच्छे खासे मत प्राप्त हुए है। जिला निर्वाचन द्वारा मतगणना के बाद जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक कवर्धा नगर पालिका में अध्यक्ष पद के लिए खड़े हुए चार प्रत्याशियों में जहां भाजपा अधिकृत प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी को 14160 मत प्राप्त हुए हैं वहीं कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी संतोष यादव उर्फ भक्कू को 11180 मत मिले हैं। तीसरे नम्बर में 711 मत प्राप्त कर आम आदमी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी अजय पाली रहे। लेकिन जहां चौथे नम्बर की बात की जाए तो यहां चौथे नम्बर में नोटा रहा है जिसे कुल 269 मत मिले है वहीं पांचवे नम्बर पर निर्दलीय प्रत्याशी प्रकाश सिंह रहे हैं जिन्हें नोटा से भी कम मात्र 144 मत मिले है। इसी प्रकार अगर कवर्धा नगर पालिका के 27 वार्डो मी हुए पार्षद पद के चुनाव में नोटा को प्राप्त कुल मतों की बात की जाए तो नोटा को 27 वार्डो में कुल 427 मत मिले है।




## विजयी प्रत्याशियों ने निकाला जुलूस, जमकर झूमे समर्थक

- परिणाम घोषित होने के साथ ही उड़ने लगा था रंग गुलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 15 फरवरी को मतगणना के बाद जैसे ही परिणामों की घोषणा की गई विजेता प्रत्याशियों और उनके समर्थकों खुशी की लहर दौड़ गई।

विजेता प्रत्याशियों के समर्थक मतगणना स्थल पर ही जोरदार आतिशबाजी कर तथा रंग गुलाल उड़ाते हुए जीत का जश्न मनाते दिखाई दिए।

बाद में रिटर्निंग ऑफिसर से जीत का प्रमाण पत्र लेने के बाद इन विजेता प्रत्याशियों ने बकायदा अपने वार्डो व नगर में विजयी जुलूस निकाला और भ्रमण कर मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कवर्धा नगरीय क्षेत्र में जश्न का यह माहौल दूसरे पहर के बाद से लेकर देरशाम तक देखने को मिला। कई विजयी प्रत्याशियों ने गाजे, बाजे, डीजे के साथ अपने समर्थकों की भारी भीड़ के साथ जुलूस निकाला।



यही स्थिति जिले के नगर पालिका पंडरिया, नगर पंचायत पाण्डातराई, बोड़ला, पिपरिया, स. लोहारा तथा इंदौरी में भी देखने को मिला। जहां होली और दीपावली एक साथ मनाई गई।

जहां नगरीय निकायों के विजेता अध्यक्ष तथा पार्षदों ने जोरदार जीत का जश्न मनाया। दूसरी तरफ जिन प्रत्याशियों को नगरीय निकाय चुनाव में जीत नसीब नहीं हो पाई उनमें खासी निराशा भी देखने को मिली।

## भाजपा सरकार के विकास कार्यों से सभी कार्यकर्ताओं की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



नगरीय निकाय चुनाव में हुई भाजपा की शानदार जीत पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए राजनांदगांव लोकसभा के सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि जनता के विश्वास, भाजपा सरकार के विकास कार्यों और जनकल्याणकारी नीतियों के साथ ही सभी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और समर्पण व आम जनता की जीत है। सभी विजयी प्रत्याशियों, कार्यकर्ताओं व जनता को शानदार जीत की बधाई व देवतुल्य जनता का आभार।

### गन्ना उत्पादक किसान समय पर भुगतान मिलने से प्रशन्नता

## गन्ना किसानों को अब तक 44 करोड़ 99 लाख रुपए का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, कवर्धा ने पेराई सत्र 2024-25 के अंतर्गत अब तक गन्ना किसानों को कुल 44 करोड़ 99 लाख रूपए का गन्ना मूल्य भुगतान किया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के सतत मार्गदर्शन में कारखाना प्रबंधन किसानों को समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित कर रहा है।

इसी क्रम में 30 दिसंबर 2024 तक गन्ना विक्रय करने वाले किसानों को 11.89 करोड़ रूपए का भुगतान 315.10 रूपए प्रति क्विंटल की दर से किया जा चुका है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना क्षेत्र के गन्ना किसानों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज्य शासन की गन्ना नीति के तहत



कारखाना प्रबंधन किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित कर उनकी आर्थिक स्थिरता को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। समय पर भुगतान मिलने से किसानों का कारखाने और शासन-प्रशासन पर विश्वास लगातार बढ़ रहा है। कारखाना प्रबंधन ने गन्ना उत्पादक किसानों से अपील की है कि वे परिपक्व, साफ-सुथरा, बिना अगवा और बिना जड़ वाला गन्ना आपूर्ति करें। इससे न केवल शक्कर की रिकवरी दर में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों को भी बेहतर लाभ मिलेगा। गन्ने की गुणवत्ता बढने से उत्पादन क्षमता में सुधार होगा और इसका सकारात्मक प्रभाव किसानों की आय पर भी पड़ेगा। अपनी स्थापना से अब तक भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना गन्ना किसानों को समर्थन मूल्य, रिकवरी और बोनस मिलाकर लगभग 1210 करोड़ रूपए का भुगतान कर चुका है, जिससे क्षेत्र के किसानों की आर्थिक और सामाजिक उन्नति को नई दिशा मिली है। शक्कर कारखाना केवल किसानों के आर्थिक विकास में ही नहीं, बल्कि क्षेत्रीय विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। कारखाना प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य किसानों के हितों को प्राथमिकता देना और उनके आर्थिक सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना है।

## हैंडबॉल प्रतियोगिता में कवर्धा खिलाड़ी चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

आगामी 17 से 19 फरवरी तक बरहमपुर विश्व विद्यालय ओडिशा में आयोजित होने वाले ईस्ट ज़ोन अंतर विश्वविद्यालयीन हैंडबॉल महिला प्रतियोगिता में कवर्धा हैंडबॉल अचीवर्स एकेदमी के 3 खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जो हेमचन्द विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ के टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित खिलाड़ियों में कनक माली पिता विजय माली, प्रियंका बर्वे पिता राधेश्याम बर्वे तथा सोनावती पिता हीरा लाल राजवाड़े का नाम शामिल है। इन सभी खिलाड़ियों की इस सफलता पर जिला के सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी दिनेश कुमार साहू, पीजी कॉलेज के पीटीआई केपी माहुले, अचीवर्स हैंडबॉल अकादमी के कोच मोहम्मद गनी खान ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



# शहरी संग्राम



## महापौर प्रत्याशियो को मिले मत



मधुसूदन यादव **68551**

निखिल द्विवेदी **24096**

जीत का अंतर **44455**




| वार्ड क्र. | वार्ड | पार्टी | विजेता | कुल प्राप्त मत | जीत का अंतर | निकटतम प्रतिद्वंदी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बजरंगपुर | कांग्रेस | राजा तिवारी | 1296 | 30 | खेमलाल साहू भाजपा |
| 02 | महात्मा बुद्ध | भाजपा | सावन वर्मा | 1024 | 620 | सुरेन्द्र देवांगन कांग्रेस |
| 03 | मोतीपुर | भाजपा | कमलेश बंधे | 1337 | 682 | शैलेष ठावरे कांग्रेस |
| 04 | पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी | निर्दलीय | बैनाबाई टुरहाटे | 929 | 248 | श्यामा सुखदेवे भाजपा |
| 05 | चिखली | भाजपा | श्रुति लोकेश जैन | 1124 | 385 | सरोज यादव कांग्रेस |
| 06 | शासकीय मुद्रणालय | भाजपा | कन्हैया साहू | 1209 | 0 | देवेश वैष्णव कांग्रेस |
| 07 | महात्मा गांधी | भाजपा | तृप्ति पात्रे | 1026 | 341 | रेतिका बंजारी कांग्रेस |
| 08 | रामनगर | भाजपा | मनोहर यादव | 1317 | 613 | किशन सिन्हा कांग्रेस |
| 09 | शंकरपुर | भाजपा | अपूर्वा श्रीवास्तव | 1211 | 435 | सुधा कश्यप निर्दलीय |
| 10 | महारानी लक्ष्मीबाई | भाजपा | शिव वर्मा | 1434 | 527 | अमर झा कांग्रेस |
| 11 | राजेन्द्र प्रसाद | कांग्रेस | छोटेलाल रामटेके | 654 | 20 | बबलु सोनी आप |
| 12 | डा.भीमराव आंबेडकर | भाजपा | संदीप बघेल | 1737 | 838 | विशाल गढ़े कांग्रेस |
| 13 | गौरीनगर | कांग्रेस | हफीज खान | 1232 | 495 | अरविंद सिन्हा भाजपा |
| 14 | बलरामदास | कांग्रेस | सतीश मसीह | 518 | 155 | मुकेश चौबे भाजपा |
| 15 | डा.बल्देव प्रसाद मिश्र | भाजपा | प्रमोद झंझाड़े | 791 | 349 | अंशुका बहेकर कांग्रेस |
| 16 | ठाकुर प्यारेलाल सिंह | भाजपा | पारस वर्मा | 2458 | 2167 | कर्तव्य देवांगन कांग्रेस |
| 17 | तुलसीपुर | कांग्रेस | संतोष पिल्ले | 500 | 206 | किशुन यदु भाजपा |
| 18 | लाल बहादुर शास्त्री | निर्दलीय | संगीता देवांगन | 785 | 146 | रश्मि लोधी भाजपा |
| 19 | वर्धमान नगर | भाजपा | रेखा पारख | 455 | 268 | डामेश्वरी यादव निर्दलीय |
| 20 | रविदास | भाजपा | कुलेश्वर ध्रुव | 1179 | 529 | राजेन्द्र नेताम कांग्रेस |
| 21 | रेवाडीह | भाजपा | बीना ध्रुव | 1483 | 1117 | डोमेश्वरी कोमरे कांग्रेस |
| 22 | स्टेडियम | भाजपा | प्रियंका कुरजेंकर | 1256 | 852 | सुनीता फड़नवीस कांग्रेस |
| 23 | गुरूगोविंद सिंह | भाजपा | राजा माखिजा | 1706 | 1132 | महेश यादव कांग्रेस |
| 24 | शीतला माता | भाजपा | शैंकी बग्गा | 1217 | 444 | कुलबीर छाबड़ा कांग्रेस |
| 25 | सुर्यमुखी देवी | भाजपा | वर्षा शरद सिन्हा | 1114 | 150 | सरिता शर्मा कांग्रेस |
| 26 | सुभाष | भाजपा | झमित नादान सेन | 1242 | 887 | अंजनी सिन्हा निर्दलीय |
| 27 | तिलक | भाजपा | राजेश जैन रानू | 659 | 117 | जितेन्द्र सिमनकर निर्दलीय |
| 28 | विवेकानंद | निर्दलीय | शरद कुशवाहा | 411 | 156 | अरूण दामले भाजपा |
| 29 | कैलाश | कांग्रेस | नियामत हुड्डा | 710 | 271 | वर्षा ठक्कर भाजपा |
| 30 | सरदार वल्लभाई पटेल | भाजपा | शेखर लश्करे | 1019 | 490 | शकील रिजवी कांग्रेस |
| 31 | जनता कालोनी | भाजपा | रीना सिन्हा | 581 | 182 | सीमा चौरसिया कांग्रेस |
| 32 | संजय नगर | भाजपा | गिरजा निर्मलकर | 1165 | 495 | ढालेश्वरी साहू कांग्रेस |
| 33 | बैगापारा | भाजपा | संतोष साहू | 885 | 204 | दुलारी साहू कांग्रेस |
| 34 | कन्हारपुरी | कांग्रेस | मोहनी बाई | 1093 | 126 | रेवती साहू भाजपा |
| 35 | लखोली | भाजपा | डिलेश्वर साहू | 1177 | 551 | भागचंद साहू कांग्रेस |
| 36 | सेठी नगर | भाजपा | चंद्रिका साहू | 724 | 114 | गोपी राम कांग्रेस |
| 37 | महावीर | भाजपा | जैनम बैद | 1413 | 845 | अंकेश बाफना कांग्रेस |
| 38 | दिग्विजय | भाजपा | मणी भास्कर गुप्ता | 1237 | 687 | मधुबाला श्रीवास्तव कांग्रेस |
| 39 | हीरामोती | भाजपा | रवि सिन्हा | 822 | 335 | विक्की ढीमर निर्दलीय |
| 40 | गुरू घासीदास | भाजपा | केवरा विजय राय | 1212 | 669 | अनसुईया गेंड्रे कांग्रेस |
| 41 | झुलेलाल | भाजपा | सतीश साहू | 989 | 591 | देवेन्द्र देवांगन निर्दलीय |
| 42 | राजीव | भाजपा | अमृता सिन्हा | 1199 | 587 | कीर्ति साहू कांग्रेस |
| 43 | सर्किट हाउस | भाजपा | खेमिन बाई | 1072 | 423 | ममता जायसवाल कांग्रेस |
| 44 | कौरिनभाठा | भाजपा | सेवक राम | 1043 | 435 | हरिशंकर नेताम कांग्रेस |
| 45 | रामकृष्ण | भाजपा | डुरेन्द्र साहू | 1533 | 717 | लेनिन कसार कांग्रेस |
| 46 | बसंतपुर | भाजपा | हेमंत यादव | 1243 | 746 | हरिनारायण धकेता कांग्रेस |
| 47 | मोहारा | भाजपा | आलोक श्रोती | 997 | 391 | अवधेश प्रजापति कांग्रेस |
| 48 | नंदई | भाजपा | अरूण साहू | 1061 | 73 | भगवान सोनकर कांग्रेस |
| 49 | मोहड | सीपीएम | संजय रजक | 557 | 60 | शिव निषाद भाजपा |
| 50 | सिंगदई वार्ड | कांग्रेस | मुकेश साहू | 1116 | 616 | अरूण देवांगन भाजपा |
| 51 | शिवनाथ | भाजपा | चंद्रकृत साहू | 1047 | 473 | रूपेश साहू कांग्रेस |